दिन–शनिवार दिनांक– 26 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधान सभा उपचुनाव को लेकर नामांकन का कार्य सम्पन्न होने के बाद चारों सीटों पर चुनाव प्रचार कार्य में तेजी।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

03. जानी मानी लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत खराब होने पर उन्हें नई दिल्ली स्थित एम्स के आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से प्रदेश मे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तेजी से गिरावट आई।

———————————————————————

विधानसभा उपचुनाव को लेकर चार सीटों पर नामांकन का कार्य सम्पन्न होने के बाद चुनाव प्रचार कार्य में तेजी आने लगी है। एनडीए और महागठबंधन के नेता अपने–अपने उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभाओं को सम्बोधित कर रहे है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने आज रामगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने एनडीए प्रत्याशी अशोक कुमार सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि रामगढ़ के विकास, सुरक्षा और समृद्धि के लिए एनडीए की जीत जरूरी है। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिहार को विकास के रास्ते पर आगे ले जा रही है। इधर, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि रामगढ़ की प्रगति, उन्नति और सर्वांगीण विकास के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है। हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक जीतनराम मांझी ने इमामगंज क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान जन सुराज पार्टी पर धन बल का दुरूपयोग करने का आरोप लगाया। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता और पूर्व विधान सभा अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी ने इमामगंज विधानसभा क्षेत्र में बांके बाजार में राजद प्रत्याशी रौशन कुमार के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया। इस अवसर पर महागठबंधन दलो के कई नेता मौजूद थे।

———————————————————————

इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने रामगढ़ में राजद और कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस दौरान परशुराम तिवारी ने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हो गए।

————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ उपचुनाव के लिए कुल पचास उम्मीदवारों ने नामांकन का पर्चा भरा हैं। बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से सबसे अधिक सत्रह उम्मीदवार ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। तरारी से तेरह, इमामगंज से दस और रामगढ़ से नौ प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये हैं। नामांकन पत्रों की जांच अट्ठाईस अक्टूबर को की जायेगी। जबकि तीस अक्टूबर तक प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा। वहीं मतों की गिनती तेईस नवम्बर को की जायेगी

————————————————————

शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न कराने के लिए प्रशासनिक तैयारी तेज कर दी गई है। कैमूर के जिलाधिकारी सावन कुमार और एसपी ललित मोहन शर्मा ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर सभी सेक्टर पदाधिकारी और अनेक वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान मतदान केन्द्रों पर सुविधा, सुरक्षा और बूथ वेबकास्टिंग आदि के सम्बन्ध में अद्यतन स्थिति की चर्चा की गई।

————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक कार्यक्रम की एक सौ पन्द्रहवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा। दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के

तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जाएगा।

——————————————————————

जानी मानी लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत खराब होने पर उन्हें नई दिल्ली स्थित एम्स के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर ने एम्स जाकर लोक गायिका के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। श्री ठाकुर ने कहा कि लोक गायिका के बेहतर इलाज के लिए पर्याप्त व्यवस्था की जा रही है।

——————————————————————

इस साल अगस्त में कर्मचारी राज्य बीमा योजना ईएसआई योजना के तहत 20 लाख 74 हजार नए कर्मचारियों ने नामांकन कराया है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के अनुसार अगस्त में 28 हजार 9 सौ 17 नये प्रतिष्ठानों को ईएसआई योजना के दायरे में लाया गया है। पिछले वर्ष अगस्त की तुलना में साल दर साल पंजीकरण में छह दशमलव आठ प्रतिशत की वृद्धि हुई।

——————————————————————

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आज से आठ नवंबर तक राज्य के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर आयुष्मान कार्ड बनाए जायेंगे। स्वास्थ्य मंत्री आज पटना जंक्शन पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत विशेष स्टॉल का उदघाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य दीपावली और छठ पर्व के समय बिहार आने वाले प्रवासियों को देश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सेवा योजना से जोड़ना है।

———बाईट———

——————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में छठ घाटों की तैयारियों का जायजा लिया। श्री कुमार आज सबसे पहले दानापुर के नासरीगंज गंगा घाट पहुंचे और वहां किए जा रहे साफ–सफाई सुरक्षात्मक कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टीमर से नासरीगंज से गायघाट तक विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर अधिकारियों को सभी कार्य समय से पूरा करने का आदेश दिए हैं। पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा की महा पर्व छठ को लेकर तैयारियां अच्छे ढंग से चल रही है और उन्हें विश्वास है कि पर्व के दौरान लोगों को काफी सहूलियत होगी।

———बाईट———

वहीं, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दनियावां में राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या तीस–ए पथ परियोजना अंतर्गत दनियावां बाईपास आरओबी का उद्घाटन किया। उन्होंने बख्तियारपुर स्थित काली मंदिर के जिर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण कार्य का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने यहां पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

————————————————————————

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड; सीबीडीटी ने कॉरपोरेट करदाताओं के लिए आकलन वर्ष दो हजार चौबीस पच्चीस के लिए आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा बढ़ा दी है। अब करदाता पन्द्रह नवंबर तक आयकर रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। गौरतलब है कि रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि इकतीस अक्टूबर निर्धारित थी।

————————————————————————

मुख्य न्यायाधीश डी. वाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि न्यायपालिका सहित सभी क्षेत्रों में महिलाओं की अधिकाधिक भागीदारी पर ज़ोर दिया गया है। आकाशवाणी से विशेष साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं के पक्ष को जानना और निर्णय लेना आसान होगा। मुख्य न्यायधीश ने कहा कि देश भर में जिला न्यायपालिका के लिए हुई परीक्षाओं में पचास प्रतिशत से अधिक भर्तियाँ महिलाओं की हुई हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इससे महिलाएं न्यायपालिका में उच्च पदों पर पहुंच सकेंगी। यह साक्षात्कार हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर ऑफिशियल, हमारी वेबसाइट न्यूज ऑन एआईआर डॉट जीओवी डॉट इन और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

————————————————————————————

विधानसभा मे नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि राज्य में शराबबंदी फेल है और अवैध शराब पीने से लोगों की मौत हो रही है। श्री यादव ने राज्य सरकार पर शराब कारोबारियों के खिलाफ ढ़िला रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है।

———बाईट———

————————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से प्रदेश के पूर्वी और दक्षिणी—मध्य हिस्सों में कई स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के दक्षिण—पूर्वी भागों में हल्की से मध्यम स्तर के बारिश की संभावना है। वहीं, शेष स्थानों पर भी हल्की बारिश की आशंका व्यक्त की गई है।

———बाईट———

————————————————————————

औरंगाबाद जिले के नवीनगर और बारून प्रखंड की सीमा पर स्थित एनटीपीसी सुपर थर्मल पावर परियोजना का विस्तार किया जायेगा। एनटीपीसी के मुख्य महाप्रबंधक सह परियोजना प्रमुख चंदन कुमार सामंता ने कहा कि स्टेज दो के तहत आठ—आठ सौ मेगावाट क्षमता की तीन इकाइयां स्थापित की जाएगी। इस परियोजना से चौबीस सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

————————————————————————

दीपावली और छठ पूजा को देखते हुए, उत्तर रेलवे आज से 7 नवंबर तक 195 विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन कर रहा है। यह सेवा मुख्य रूप से नई दिल्ली और आनंद विहार रेलवे स्टेशन से बिहार के अलावा देश के पूर्वी क्षेत्रों के लिए उपलब्ध होगी। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने आकाशवाणी को बताया कि इस वर्ष एक लाख सत्तर हजार से अधिक अतिरिक्त सीट उपलब्ध होंगी। अनारक्षित श्रेणी में लगभग 54 हजार अतिरिक्त सीटें जोड़ी गई हैं।

————————————————————————

आगामी एक दिसम्बर से दरभंगा एयरपोर्ट से दिल्ली और मुम्बई के लिए इंडिगो की उड़ान सेवा शुरू हो जायेगी। विमान दरभंगा से दिल्ली के बीच प्रतिदिन, जबकि

मुम्बई के लिए सप्ताह मे चार दिन उड़ान भरेगी। इसके लिए टिकट की बिक्री जल्द शुरू हो जाएगी। राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने एक ट्वीट में यह जानकारी साझा की है।

————————————————————

बिहार और कर्नाटक के बीच आज से पटना के मोइनुल हक स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी मुकाबला खेला जा रहा है। पहले दिन बिहार ने अपनी पहली पारी में एक सौ तैंतालीस रन बनाए। बिहार की ओर से सरमन निग्रोध ने सबसे अधिक साठ रन बनाए। कर्नाटक की ओर से एस. गोपाल ने चार विकेट लिये। जवाब में आज का खेल समाप्त होने तक कर्नाटक की टीम ने तीन ओवर में बिना कोई विकेट खोए सोलह रन बना लिए हैं।

————————————————————

प्रदेश के सरकारी विद्यालयों में खेल प्रतिभा खोज प्रतियोगिता—मशाल का आयोजन किया जाएगा। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविंद्रन शंकरण ने बताया कि यह आयोजन राज्य के चालीस हजार मध्य और उच्च विद्यालयों में होगा और लगभग साठ लाख बच्चे इसमें शामिल होंगे।

————————————————————

बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव ने पूर्व उद्योग मंत्री राजेन्द्र प्रसाद यादव के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

————————————————————

01. विधान सभा उपचुनाव को लेकर नामांकन का कार्य सम्पन्न होने के बाद चारों सीटों पर चुनाव प्रचार कार्य में तेजी।

02. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।

03. जानी मानी लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत खराब होने पर उन्हें नई दिल्ली स्थित एम्स के आईसीयू में भर्ती कराया गया है।

04. और, चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से प्रदेश मे अधिकतम और न्यूनतम तापामन में तेजी से गिरावट आई।

————————————————————

समाप्त